हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 39.3 डिग्री
न्यूनतम 19.4 डिग्री


12 जय बाबेरी के नारे से गूंजा शहर, झंडा फेरी ...





13 दस्ताना, मसाला और पेट्रोल पंप की महिला ...











### दुर्ग कलेक्टर ने सभी आरआई, पटवारी से मांगी जिले भर में अवैध प्लॉटिंग की जानकारी

# अब भू-माफियाओं की खैर नहीं, अवैध प्लॉटिंग को लेकर दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▸▸दुर्ग

जिले में धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सख्त रुख अख्तियार किया है। उन्होंने जिले के आरआई और पटवारी से उनके क्षेत्र में चल रही अवैध प्लाटिंग और उसको करने वालों के नाम मांगे हैं। इसके बाद इन सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि जन दर्शन में बड़ी संख्या में शिकायतें आती हैं कि अलग-अलग क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग हो रही है। गलत खसरा बैठाकर प्लाटिंग हो रही है या फिर किसान से एग्रीमेंट करके जमीन का व्यापार करने वाले लोग खेत को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बेच रहे हैं। कलेक्टर ने कहा खसरा बैन करना इसका हल नहीं है। इस पर रोक लगाने के लिए उन्होंने दुर्ग जिले के सभी क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग या हो चुकी अवैध प्लाटिंग की जानकारी मांगी है। इसके बाद उस प्लाटिंग को करने वाला जो भी नाम आएगा उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



#### निगम की लचर कार्यशैली के चलते नहीं हो पाती कार्रवाई

दुर्ग जिले में पहले भी अलग अलग नगर निगम प्रशासन द्वारा कई भूमाफियाओं के खिलाफ अवैध प्लाटिंग को लेकर नगर निगम अधिनियम 1956 की धाराओं के तहत एफआईआर हो चुकी है, लेकिन एक भी मामले में आरोपी के खिलाफ गिरफ्तारी नहीं हुई और वो जमानत लेकर फिर से धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग कर रहा है। यह सब निगम की लचर कार्यशैली के चलते होता है। निगम की टीम अगर अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई करने जाती है तो वो मुरुम और रोड रास्ता को हटाकर चल देती है, लेकिन जांच किसी भी जांच रिपोर्ट में अवैध प्लाटिंग करने वाले का नाम नहीं लिखती है। उनकी इसी कार्यशैली के चलते जमीन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

#### क्या है कार्रवाई का प्रावधान

अवैध प्लाटिंग करना निगम प्रशासन कॉलोनाईजर रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1998 संशोधन नियम 2013 व छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है। ऐसा करने वालों पर छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 292 (ग)(3) के तहत मामला दर्ज कार्रवाई की जाती है। इसमें कम से कम 3 साल और अधिकतम 7 साल के कारावास और न्यूनतम 1 लाख रुपए तक के जुर्माना का प्रावधान है।

#### प्रशासन सख्त



अवैध प्लॉटिंग करने वालों को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। सभी की जानकारी मंगाई जा रही है। इसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-अभिजीत सिंह**, कलेक्टर दुर्ग

# घरेलू गैस सिलेंडर के लिए अब 25 दिन तक करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸दुर्ग



घरेलू गैस के लिए अब एक सिलेंडर से दूसरे सिलेंडर के बीच 25 दिन का इंतजार करना पड़ेगा। गैस एजेंसियों को इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और अन्य इंधनों को लेकर खाद्य विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय नियंत्रण एवं मॉनिटरिंग समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य विभाग नियमित रूप से होटलों, ठेलों, खोमचों और गैस एजेंसियों की जांच करेगी। लोगों से अपील की गई है कि जहां कहीं भी गैस की कालाबाजारी हो रही है, उसकी शिकायत तुरंत करें। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1800-233-3663 और 1967 जारी किया गया है। शिकायत मिलते ही खाद्य विभाग की टीम सक्रिय होगी और संबंधित क्षेत्र में पहुंचकर कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घरेलू एलपीजी एवं पेट्रोल, डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इसके अलावा सभी राज्यों के लिए 48,240 किलोलीटर के अतिरिक्त केरोसिन का आवंटन जारी किए जाने की तैयारी की गई है।

जल्द ही यह छत्तीसगढ़ में उपलब्धध होगी। वर्तमान में देश में 40 आवश्यक वस्तुओं के दैनिक बाजार भाव वर्तमान में स्थिर बने रहने की जानकारी दी गई है। इधर नियमित रूप से खाद्य विभाग जांच कर रहा है। दुर्ग में पिछले दो दिनों में 10 से ज्यादा जगहों पर जांच की गई है। कुछ जगहों पर रसोईगैस सिलेंडर की जब्ती भी की गई है। इदर प्रदेश में 102 स्थानों से 741 गैस सिलेण्डर जब्त किया जा गया है। राज्य में सर्वाधिक 392 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर रायपुर जिले में जब्त किये गये हैं। बिलासपुर में 130 घरेलू एलपीजी सिलेण्डर जब्त किया गया है।

#### प्रदेश में 5 से ज्यादा बॉटलिंग प्लांट संचालित

अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा 2, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा 2 एवं भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा 1 एलपीजी बॉटलिंग प्लांट सहित कुल 5 बॉटलिंग प्लांट संचालित हैं। घरेलू एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। प्रदेश में 540 एलपीजी वितरकों को रिफिल सिलेण्डर नियमित रूप से प्रदाय किया जा रहा है। इसके अलावा 2,465 पेट्रोल और डीजल पंप संचालित हैं।

#### नियमित की जा रही जांच

"कालाबाजारी से जुड़ी किसी भी प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लिया जा रहा है। शिकायत मिलते ही जांच के लिए टीम भेजी जा रही है। बुकिंग के 25 दिन बाद ही दूसरा सिलेंडर जारी किए जाने के निर्देश शासन से जारी हुए हैं।

**-अनुराग भदौरिया**, खाद्य नियंत्रक




## खबर संक्षेप

### साईं मंदिर समिति की 15 मार्च को साधारण सभा

**दुर्ग।** सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति (साईं मंदिर) सिविल लाइन कसारीडीह की साधारण सभा की बैठक एंव होली मिलन समारोह 15 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे साई मंदिर परिसर में आयोजित की गई है। बैठक में सर्वप्रथम फूलों की होली खेलकर पर्व की खुशियां मनाई जाएगी। इसके अलावा बैठक में कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक साई महोत्सव सत्र 25-26 के आय-व्यय का प्रस्तुतिकरण, समिति के चार वर्षीय कार्यकाल वाले आगामी निर्वाचन के संबंध में चर्चा एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य आवश्यक प्रस्तावों एंव सुझावों पर चर्चा को एजेंडे के रुप में शामिल किया गया है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए सार्वजनिक श्री साईं महोत्सव समिति सिविल लाइन कसारीडीह के सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने सदस्यों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### उरला में हेल्थ कैम्प और नशा उन्मूलन शिविर 18 को

**दुर्ग।** समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा 18 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आईएचएसडीपी कॉलोनी उरला वार्ड 58 के सामुदायिक भवन में निःशुल्क हेल्थ कैम्प और नशा उन्मूलन शिविर आयोजित है। जिला प्रशासन के सहयोग से यह शिविर लगाया जा रहा है। इस दौरान निःशुल्क परिवार परामर्श जागरुकता सहायता, स्वास्थ्य जांच परीक्षण चिकित्सा व नशा उन्मूलन पर परामर्श दिया जाएगा। इसमें कानूनी अधिकारों, योजनाओं, सुविधाओं के बारे में बताकर उन्हें थानों, कोर्ट-कचहरी व अन्य शासकीय विभागों में कहीं भी अनावश्यक भागादौड़ी, रुपयों-पैसों खर्चों में कमी लाने सरल व सहज तरीके से शासन की मदद से न्याय पाने बताया जाएगा। शिविर में आयुष्मान वय वंदन कार्ड भी बनाया जाएगा। इसके जरिए हितग्राहियों का 5 लाख रुपए तक के इलाज का खर्च का लाभ शासन से मिलेगा। शिविर में अधिवक्ता व परामर्शदाता के रूप नीता साहू, मोनिका सिंह, सीमा हिरवानी, शासकीय चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों के अलावा कल्याणी संस्था के सदस्यगण विषय विशेषज्ञ व वक्ता के रुप में उपस्थित रहेंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आज से

**अंडा।** ग्राम खप्परवाड़ा में स्वर्गीय वीरेंद्र सिंह चंद्राकर की पुण्य स्मृति में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 14 मार्च से 22 मार्च तक चलेगा। कथा का वाचन परम पूज्य पं.भूपेंद्र पाण्डेय जी (गुंडरदेही जिला- बालोद) द्वारा किया जाएगा। कथा के माध्यम से भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, धर्म, भक्ति और ज्ञान के विभिन्न प्रसंगों का श्रवण कराया जाएगा। आयोजन के पहले दिन 14 मार्च (शनिवार) को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा।

### अफीम की खेती को लेकर पूरे प्रदेश में हो जांच

**दुर्ग।** समोदा के बाद बलरामपुर में अफीम की खेती के खुलासे के बाद कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। इसे लेकर लगातार कांग्रेस जवाब चाह रही है।



कांग्रेस के प्रदेश सचिव अय्यूब खान ने कहा कि एक दिन पहले ही दुर्ग और भिलाई में भाजपा कार्यालयों के घेराव का प्रयास किया गया। विरोध प्रदर्शन कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस इस मामले में शांत नहीं बैठेगी, पुलिस और सरकार को वस्तु स्थिति की पूरी जानकारी देनी ही होगी। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में कांग्रेसी एकजुट हो गए हैं। मुख्य बात छत्तीसगढ़ प्रदेश अफीम खेती किया जाना है, वो बीजेपी से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं उनके लोगों द्वारा प्रदेश भर से अन्य जिले से भी की अफीम की खेती की सूचनाएं लगातार आ रही है। मक्का और चना की खेती के दौरान अफीम बोई जारी है। प्रोत्साहन राशि ली जा रही है। इस मामले में विनायक ताम्रकार और उनके रिश्तेदारों के खेतों में यह भी जानकारी ली जानी चाहिए कि किन खसरा नंबर पर ऋण लिया गया था। उन खेतों में क्या अफीम की खेती हो रही थी। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

# रिसाली-भिलाई निगम के खाली तीन वार्डों की फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली होगी तैयार

## विधानसभा की नई मतदाता सूची एक अप्रैल 2026 होगा आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों के खाली वार्डों में उपचुनाव के परिप्रेक्ष्य में वार्डों का निर्वाचन नामावली तैयार करने के निर्देश जारी किए हैं। फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली एक अप्रैल 2026 को विधानसभा की नई सूची के आधार पर तैयार होगी। रिसाली निगम में वार्ड क्रमांक 2 और वार्ड क्रमांक 39 पार्षद पर खाली है। भिलाई निगम में वार्ड क्रमांक 1 में पार्षद पद तत्कालीन पार्षद के निधन के बाद खाली है।

### 23 से अधिकारियों की होगी नियुक्ति

राज्य निर्वाचन आयोजन ने जिला निर्वाचन अधिकारी को यह निर्देश दिए हैं कि 23 मार्च को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्त कर लें। निर्वाचन नामावली तैयार करने के लिए प्राधिकृत कर्मचारियों को प्रशिक्षण 24 मार्च को दिया जाए। नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को और दावा आपत्ति 20 अप्रैल तक लिया जाना है। दावा आपत्ति 24 अप्रैल तक प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा आपत्ति के निपटारे के बाद नामावली का अंतिम प्रकाशन 15 मई तक करना है।

### दो वार्डों में दर्ज नाम कटेंगे

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियां तैयार होने पर उनकी बारीकी से जांच करने के निर्देश है। मसलन किसी मतदाताओं का नाम एक ही वार्ड में दो स्थानों पर अथवा उसी नगरपालिका के एक से अधिक वार्डों में दर्ज न हो। इसी तरह किसी ग्राम पंचायतों के मतदाताओं के नाम नगरपालिका की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं होना चाहिए। एक ही परिवार के ऐसे सदस्यों के नाम जो एक ही मकान में रहते हो लेकिन दो भिन्न-भिन्न पार्टी में दर्ज न हो। नगरपालिका क्षेत्र के सामान्यतः निवासी समस्त पात्र मतदाता, विशेषतः वर्तमान संसद सदस्य, विधानसभा सदस्य, नगरपालिका के महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षदों तथा अन्य प्रमुख व्यक्तियों के नाम सम्मिलित हो।

### जिनका नाम दर्ज नहीं उन्हे मिलेगा मौका

जिन मतदाताओं के नाम विधानसभा की निर्वाचक नामावली में दर्ज नहीं है, उन्हें नियत अवधि के पूर्व विधानसभा की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाना होगा। नाम दर्ज हो जाने के प्रमाण के स्वरूप में विधानसभा के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के इस आशय के आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ प्ररूप क-1 में केवल रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (नगरपालिका) को आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इन मतदाताओं के आवेदन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्वयं लिए जाएंगे। ऐसे आवेदन विहित स्थानों पर आवेदन प्राप्त करने के लिए नियुक्त अभिहित अधिकारी द्वारा नहीं लिये जायेंगे।

### निर्वाचक नामावली के हैं निर्देश

रिसाली व भिलाई निगम के रिक्त वार्डों में उप निर्वाचन को लेकर नामावली तैयार करने के निर्देश राज्य निर्वाचन आयोग ने दिए हैं। नामावली तैयार कर निर्धारित शेड्यूल पर राज्य को प्रेषित करना है।

**विरेंद्र सिंह,**
उप निर्वाचन अधिकारी दुर्ग

## सेल वेतन समझौता की विसंगतियों को नहीं हुआ निदान, 39 माह का लंबित

# हजारों बीएसपी कर्मचारियों को पांच साल बाद भी नहीं मिला करोड़ों का एरियर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी सहित सेल के हजारों कर्मचारियों के करोड़ों के लंबित एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से असंतोष बढ़ रहा है। सेल प्रबंधन की उदासीनता से कर्मियों को दोतरफा नुकसान हो रहा है। पिछले पांच साल के दौरान सैकड़ों कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। यूनियनों ने जल्द भुगतान के लिए एकजुटता से दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि सेल कर्मचारियों के 39 महीने के एरियर्स के मुद्दे का पांच साल बाद भी निदान नहीं हुआ है। इस दौरान यूनियनों द्वारा कई बार सेल प्रबंधन और इस्पात मंत्री से मांग के साथ धरना प्रदर्शन आदि आंदलन किए जा चुके हैं। वर्ष 2018 में दिल्ली में हुई एनजेसीएस की बैठक में सेल कर्मचारियों के वेतन समझौता की विसंगतियों को अब तक दूर नहीं किये जाने का खामियाजा कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है। बैठक में एनजेसीएस यूनियनों द्वारा 39 महीने के एरियर्स भुगतान की मांग की गई थी। एरियर्स को किस्तों में भुगतान का सुझाव दिया गया था। एटक के विनोद कुमार सोनी ने बताया कि आश्वासन के बाद भी अब तक वेतन समझौता की त्रुटियों को दूर किया गया और न ही लंबित एरियर्स का ही भुगतान किया जा सका है। जबकि इस दौरान दो बार देशव्यापी हड़ताल और सेलव्यापी आंदोलन के दौरान एरियर्स भुगतान की मांग की गई थी। भुगतान नहीं होने से सेल कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। सीटू और इंटक ने जल्द एनजेसीएस बैठक बुलाकर वेतन समझौता की विंसगतियों के निदान सहित एरियर्स भुगतान की मांग करवाने की मांग प्रबंधन से की है।

### सैकड़ों कर्मचारी हो चुके रिटायर



### बीएसपीकर्मियों को लाखों का नुकसान

बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों के एरियर्स का भुगतान अब तक नहीं होने से दोतरफा नुकसान हो रहा है। एक तरफ उनका वर्ष 2017 से देय लाखों रुपए अटका हुआ है वहीं दूसरी ओर लंबित राशि पर कोई ब्याज भी नहीं दिया जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक पिछले पांच साल के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र सहित पूरे सेल के हजारों कर्मचारी रिटायर हो चुके हैं। कई कर्मियों की मृत्यु भी हो चुकी है। जबकि इस दौरान सेल के अधिकारियों को पीआरपी करोड़ो के पीआरपी का भुगतान पिछले साल किया जा चुका है। इस भेदभाव से भी कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है।

### इस्पात मंत्री का आश्वासन बेअसर

एक साल पूर्व भिलाई आए इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी को भिलाई निवास में यूनियनों ने अपूर्ण वेतन समझौता को जल्द पूर्ण कराने व लंबित 39 महीने के एरियर्स भुगतान की मांग की थी। यूनियनों के मुताबिक मंत्री द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया था। लेकिन अब तक न तो एसनेजीएस सब कमेटी की बैठक बुलाई गई और न ही इस मुद्दे का निदान ही हुआ। इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस यूनियनों ने जल्द लंबित एरियर्स का भुगतान कर कर्मियों को मनोबल बढ़ाने की मांग की है।

# काम से निकाले गए कर्मचारियों को बहाल करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज से निकाले गए कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर अस्पताल के समक्ष विरोध प्रदेशन किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ चंदूलाल मेडिकल कॉलेज के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन के सचिव सुमीत परगनिहा और संगठन सचिव कलादास डेहरिया ने बताया कि कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और संबद्ध अस्पताल से निकाले गए कर्मचारियों को आज तक पुनः काम पर बहाल नहीं किया गया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में उक्त अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का शासकीयकरण किया गया था। उस समय यहां कार्यरत सफाई सहित अन्य कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया।

कर्मचारियों की बहाली की मांग को लेकर लगभग दो वर्षों तक लगातार धरना-प्रदर्शन भी किया गया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि निजी अस्पताल को सरकारी करने के पीछे सरकार का उद्देश्य था कि अस्पताल को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों को बेहतर और समुचित इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, लेकिन वर्तमान में स्थिति इसके बिल्कुल विपरीत नजर आ रही है। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि कॉलेज में स्टाफ भर्ती की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं हो पाई है और केवल स्थानांतरण के भरोसे कॉलेज और अस्पताल को संचालित करने की कोशिश की जा रही है। स्टाफ और डॉक्टरों की कमी के कारण कई वार्डों को आपस में मिलाकर एक वार्ड के रूप में संचालित किया जा रहा है, जो स्पष्ट रूप से स्टाफ की कमी को दर्शाता है।

दूसरी ओर मरीज चिकित्सकों के अभाव में भटकते नजर आते हैं। यूनियन का मानना है कि मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए पर्याप्त स्टाफ की आवश्यकता है। इसलिए पहले से कार्यरत निकाले गए कर्मचारियों को पुनः बहाल किया जाए, जिससे अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर ढंग से उपलब्ध कराई जा सकें।

## 14 अप्रैल से पहले अंबेडकर म्यूजियम और लाइब्रेरी का कार्य पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ यूनियन ने कई मुद्दों पर की बीएसपी प्रबंधन से चर्चा

बीएसपी एससी/एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन के साथ बैठक हुई। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। यूनियन अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने अनुसूचित जाति और जनजाति के विभिन्न समस्याएं जैसे एससी/एसटी की महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देना, एससी/एसटी के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहन और प्रशिक्षण देना, 14 अप्रैल को बाबा साहब की जयंती मनाना, डॉक्टर अंबेडकर प्रेरणा स्थल का संधारण करना, खेल और सांस्कृतिक मैदान में लगे बाबा साहब के मूर्ति का सौंदर्यीकरण करना, सेक्टर-5 में डॉक्टर अंबेडकर म्यूजियम और लाइब्रेरी का कार्य अति शीघ्र प्रारंभ करवाना, डॉ. अंबेडकर स्कूल मरोदा स्टेशन का संधारण करवाना और एससी/एसटी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मूलभूत समस्याओं पर चर्चा हुई। प्रबंधन द्वारा इस पर सहमति व्यक्त की गई। साथ ही डॉक्टर अंबेडकर प्रेरणा स्थल का संधारण का आश्वासन एसोसिएशन को दिया गया है। बैठक में प्रबंधन की ओर से पवन कुमार, जेएन ठाकुर, विष्णु पाठक, सहित यूनियन की ओर से वेद प्रकाश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, अनिल कुमार खेलवार कोषाध्यक्ष, धनंजय मेश्राम कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## घरेलू और कमर्शियल गैस की बुकिंग की समस्या को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने गैस बुकिंग में हो रही परेशानियों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंप व्यवस्था सुधारने की मांग की है। आप पार्टी के मेहरबान सिंह ने बताया कि जनता को रसोई गैस नहीं मिल रही है। सरकार द्वारा जिला प्रशासन द्वारा दावे किए जा रहे हैं कि स्टॉक की कोई कमी नहीं लेकिन यह सिर्फ मौखिक है, हकीकत में ऑटोमेटिक गैस बुकिंग व्यवस्था सरकार की पोल खोल रही है। डॉ. एसके अग्रवाल ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्र में से मिली शिकायत यह बताती है कि हालत सामान्य नहीं है।

गैस की किल्लत पूरे क्षेत्र में हो रही है। लोगों ने अपने-अपने क्षेत्र में आने वाले गैस एजेंसी में गैस बुकिंग करने का प्रयास किया लेकिन नंबर ही नहीं लग रहा। गैस की किल्लत होने के कारण लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। 25 दिनों के समय के अंतराल में बुकिंग करने की समय सीमा भी पार हो चुकी है। जसप्रीत सिंग ने बताया कि खुर्सीपार और भिलाई के अन्य क्षेत्रों में कुछ गैस एजेंटीयों से रसोई गैस तथा कमर्शियल गैस को ब्लैक करने का भी मामला सामने आया है। इस अवसर पर रऊफ अंसारी, धर्मेंद्र चौधरी, हरचरण सिंह, सोनू यादव आदि मौजूद थे।

## पेंशन नहीं मिलने पर उप संचालक से की मुलाकात



**भिलाई।** समाज कल्याण विभाग कार्यालय के उपसंचालक से जिला महामंत्री कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण राम सूर्यवंशी ने मुलाकात की। इस दौरान भिलाई चरोदा नगर निगम क्षेत्र के शासन- से योजना विशेष के तहत पात्रताधारी हितग्राहियों को पिछले तीन से चार महीने का पेंशन नहीं मिलने की ओर ध्यानाकर्षण कराया गया। श्री सूर्यवंशी ने उप संचालक को बताया कि महीनों से वृद्ध, दिव्यांक व विधवा पेंशन योजना के करीब दुर्ग जिले के 48,000 लोगों को पेंशन नहीं आ पा रहा है। राशि बजट नहीं होने के कारण नहीं मिल पा रहा है जिससे उन्हें कठिनाई हो रहे है। मंत्रालय के अधिकारी से बात करने के बाद आश्वासन मिला उनके द्वारा आश्वाशन दिया गया कि 1 सप्ताह के अंतर्गत सभी को राशि उपलब्ध करा दी जाएगी।

### बिजनेस साइट

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट

**दुर्ग।** इंदिरा मार्केट दुर्ग शॉप नंबर 64बी, प्रिया सिंगार सदन के सामने स्थित ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट और विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। यहां एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच व इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने बताया कि अपार भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखने में असुविधा होती है। ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। उन्होंने बताया कि शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100 फीसदी विश्वनीयता पर खरा रहती है। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम और क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है।




## बीएड विद्यार्थियों का शत प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**भिलाई।** बी एड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इसमें उदय महाविद्यालय जामुल भिलाई के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बी एड प्रथम सेमेस्टर से छात्रा राजविंदर कौर 82 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, चंचल वर्मा 81.75 प्रतिशत द्वितीय स्थान, एम आरती 81 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बी एड तृतीय सेमेस्टर से छात्र ताराचंद साहू ने 84 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, रंजीत ने 83.71 प्रतिशत के साथ द्वितीय, अंचल वर्मा ने 82.29 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। संस्था के चेयरमेन डॉ. टीआर साहू और प्राचार्या डॉ. अलिपा साहू ने छात्रों और समस्त शैक्षणिक स्टाफ को बधाई देते हुए आगामी सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



## निगम ने की बेदखली कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा शहर में अवैध अतिक्रमण और कब्जों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 22 सुन्दर विहार कालोनी कृष्णकुंज के पास किए गए अवैध निर्माण पर निगम प्रशासन ने बेदखली की कार्यवाही की। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त स्थान पर अवैध रूप से निर्माण कर उसे किराये पर देकर धन उगाही की जा रही थी। मामले की जानकारी मिलने पर नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण को बेदखल किया। यह कार्यवाही आयुक्त के निर्देशानुसार की गई है। इस दौरान जोन-2 आयुक्त येशा लहरे की उपस्थिति में जोन-2 राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे को हटाते हुए बेदखल किया। नगर निगम भिलाई ने अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट किया है कि शहर में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसी कार्यवाही आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी प्रशन्न तिवारी, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, सहायक हरिओम गुप्ता सहित बेदखली टीम उपस्थित रहे।



### सार्वजनिक सूचना (PUBLIC NOTICE)

मैं, अधिवक्ता अखिलेश नारायण सिंह, जिला न्यायालय, दुर्ग (छत्तीसगढ़) में प्रैक्टिस करता हूं। अपने क्लाइंट के अधिकार एवं निर्देशानुसार यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर रहा हूं, मेरे क्लाइंटः श्रीमती मालिनी ताम्रकार, पति श्री सत्यानारायण ताम्रकार, के द्वारा प्राप्त अधिकार एवं निर्देशों के अनुसार यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ। मेरे क्लाइंट श्रीमती मालिनी ताम्रकार, पति श्री सत्यानारायण ताम्रकार निम्नलिखित संपत्ति (डुप्लेक्स मकान) को क्रय करना चाहती हैं, जो कि मौजा - सिकोल, पी.एच. नं. 17, आर.एन.एम. - सिकोल, तहसील एवं जिला - दुर्ग (छत्तीसगढ़) में स्थित है। उक्त संपत्ति का खसरा नंबर 57/22, कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफुट है, जिसकी चारों सीमाएँ निम्नानुसार हैं - उत्तर – 30 फीट रोड, दक्षिण ब्लॉक नं. A-3, पूर्व ब्लॉक नं. A-12, पश्चिम – ब्लॉक नं. A-14, उक्त संपत्ति की ऋण पुस्तिका क्रमांक 0640973 है तथा उक्त संपत्ति के स्वामी निम्नलिखित हैं - 1. श्रीमती संध्या नंदगवली, पति स्वर्गीय अंबादास नंदगवली, 2. नमिता नंदगवली, पुत्री स्वर्गीय अंबादास नंदगवली, 3. श्वेता नंदगवली, पुत्री स्वर्गीय अंबादास नंदगवली, 4. कु. नेहा नंदगवली, पुत्री स्वर्गीय अंबादास नंदगवली, मेरे क्लाइंट श्रीमती मालिनी ताम्रकार, पति श्री सत्यानारायण ताम्रकार उक्त संपत्ति को क्रय करने के इच्छुक हैं, जिसके लिए उन्होंने उपरोक्त स्वामियों के साथ विक्रय अनुबंध (Sale Agreement) किया है। विक्रेताओं द्वारा यह आश्वासन दिया गया है कि उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के विवाद, बंधक या दावे से मुक्त है, उक्त लेन-देन के संबंध में किसी भी प्रकार के संभवित आपत्ति या दावा आमंत्रित करने हेतु यह सार्वजनिक सूचना दैनिक समाचार पत्र हरिभूमि में दिनांक 14/03/2026 को प्रकाशित की जा रही है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, कंपनी, साहूकार, अर्ध-शासकीय अथवा शासकीय संस्था आदि को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो, तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित अधिवक्ता के कार्यालय में लिखित रूप में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक: 13/03/2026
स्थान: दुर्ग (छत्तीसगढ़)

अधिवक्ता
अखिलेश नारायण सिंह
जिला न्यायालय दुर्ग (छत्तीसगढ़)
निवास एवं ऑफिस- मोहन नगर, नया आमापारा दुर्ग, मो.- 9826518559

### // आम सूचना //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार-अडगर्रला मुरली कृष्णा पिता स्व. अडगर्रला श्रीराम मूर्ति उम्र 52 वर्ष, निवासी-प्लाट नं. 151/3, वी.आई. पी. नगर, रिसाली भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा विक्रेता श्रीमती शोमा साहू पति श्री कृष्णा कुमार साहू, निवासी सड़क नं. 20, वार्ड नं. 25, दया नगर, नियर स्वदीप गैस एजेंसीज, रिसाली भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के मध्य, विक्रेता के स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा रिसाली खसरा नं. 615/66 एवं खसरा नं. 615/69 रकबा 900 वर्गफीट पर निर्मित पक्का मकान को सौदा करने का इकरारनामा दिनॉक- 01/08/2025 को कर बयाना स्वरूप राशि प्रदान की जा चुकी है।

मेरे पक्षकार को निजी सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त सौदाकृत मकान को किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति/ संस्था/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था द्वारा उक्त सौदाकृत मकान के किसी प्रकार का कोई क्रय-विक्रय संबंधी संव्यवहार न करें, यदि किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सो सूचना जाने ।

स्थान- दुर्ग (छ.ग.)
दिनांकः-13/03/2026

रणजीत दास (अधिवक्ता)
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
BAR Room No.-3, Dist. Court Durg
Mob.-9993290770






विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]







## खबर संक्षेप

### नशे में वाहन चलाने वाले 626 चालकों पर कार्रवाई



**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर शराब के नशे में वाहन चालने वाले चालक को पर शिकंजा कसने का प्रयास किया है। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चेकिंग की जा रही है। शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई की जा रही है। माह जनवरी में 198, फरवरी 288 और मार्च माह में 140 वाहन चालकों पर शिकंजा कसा गया है। विगत 70 दिनों में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 626 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई है। वाहन जप्त कर चालको का प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। जहां न्यायालय द्वारा 10 हजार रुपये से अधिक के अर्थदंड से दंडित किया है।

### आरटीई में हो रहे गड़बड़ी को रोकने स्कूल शिक्षा विभाग का नया फरमान

# आरटीई के 50 प्रतिशत आवेदनों की होगी जांच, एक से ज्यादा आवेदन पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आरटीई में हो रहे गड़बड़ी को रोकने स्कूल शिक्षा विभाग ने नया फरमान जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी किया है। आरटीई के पात्र और अपात्र आवेदनों में से 50 प्रतिशत की जांच अनिवार्य किया गया है। यह जांच संभागीय संयुक्त शिक्षा करेंगे। वहीं एक आवेदक द्वारा एक से ज्यादा आवेदन आने पर उसकी जांच नोडल अधिकारी करेंगे। एक से अधिक आवेदन पाए जाने की स्थिति पर नोडल अधिकारी पर कार्रवाई करने का भी आदेशित किया गया है। जनहित याचिका पर हाईकोर्ट की सख्ती के बाद छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग ने यह आदेश जारी किया।



### जिले में आरटीई नियमों को ऐसे किया दरकिनार

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका में पाया कि दुर्ग जिले में निशुल्क एंव अनिवार्य बाल शिक्षा के अधिकार अन्तर्गत आरक्षित सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदक बालकों द्वारा प्रस्तुत पात्रता प्रमाण पत्र के सत्यापन में तथ्यों को नजरअंदाज कर आवेदनों का अनुमोदन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा नगर पालिक निगम /पंचायत को गरीबी रेखा प्रमाण पत्र जारी करने को अधिकृत किया है।

आवेदक के दादा के पिता के नाम जारी गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र। अंत्योदय राशन कार्ड जिसे आवेदक के दादी के नाम जारी किया गया है। अंत्योदय राशन कार्ड जिसे अंत्योदय राशन कार्ड अन्य योजना के नाम जारी किया गया है। आवेदक के नाना के नाम जारी गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र। समाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 का प्रपत्र जिसे किसी संस्था द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया है।

भिलाई इस्पात संयत्र के मकानों का किरायानामा। सामजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना 2011 के प्रपत्र में दर्ज वार्ड के बाहर का पता सत्यापन किया। पालको के द्वारा प्रस्तुत राशन कार्ड का पुनः सत्यापन नहीं करना। पालको के द्वारा पता सत्यापन हेतु आधार कार्ड को राशन कार्ड से मिलान नही करना। गरीबी रेखा प्रमाण पत्र का नगर निगम / ग्राम पंचायत से सत्यापन नहीं करवाया गया।

### आवेदनों में त्रुटि सुधार का मिलेगा मौका

स्कूल शिक्षा विभाग ने कहा है कि नोडल प्राचार्यों द्वारा आवेदनों की जांच में कमी पाये जाने पर आवेदकों की दस्तावेज जमा करने एवं अन्य त्रुटि सुधार हेतु पर्याप्त मौका दिया जाना है। नोडल प्राचायों द्वारा आवेदन अपात्र करने का पर्याप्त कारण दिया जाना है। सभी अपात्र आवेदनों की जांच जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से किया जाना है।

### 16 फरवरी से प्रवेश के लिए हो रहा ऑनलाइन आवेदन

शैक्षणिक सत्र 2026-27 में 16 फरवरी 2026 से दुर्ग सहित प्रदेशभर के निजी शालाओं में आर.टी.ई. की सीट में प्रवेश हेतु दुर्बल एवं वंचित वर्ग समूह के बच्चों का आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो रहा है। निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों को शासन द्वारा प्राधिकृत अधिकारी घोषित किया गया है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की जांच हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नोडल प्राचार्यों को अधिकृत किया गया है।

# मार्च में पहली बार नहीं पेश हो पाएगा भिलाई निगम का बजट

आयुक्त ने महापौर परिषद को आगामी सत्र 2026-27 के बजट का नहीं दिया लेखा जोखा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम के इतिहास में ऐसा पहली बार होगा जब मार्च के महीने में महापौर अपना बजट पेश नहीं कर पाएंगे। इसका पूरा दोष महापौर ने आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई पर डाला है।

महापौर नीरज पाल का आरोप है कि मार्च का आधा महीने खत्म होने को है, लेकिन अभी तक आयुक्त ने महापौर परिषद को वास्तविक बजट 2025-26 और प्रस्तावित बजट सत्र 2026-27 के बजट का लेखा-जोखा नहीं पेश किया है। उन्होंने इस संबंध में उन्हें पत्र भी लिखा है। महापौर ने जो निगम आयुक्त को पत्र लिखा है उसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि आगामी वित्तीय बजट के संबंध में आयुक्त से पूर्व में मौखक रूप से चर्चा हुई है। आयुक्त को बताया गया था कि बजट से जुड़ी पूरी जानकारी नियमानुसार महापौर परिषद (एमआईसी) के सामने प्रस्तुत करें, जिससे समय पर इसे सामान्य सभा में रखा जाए और उसके बाद बजट पेश किया जाए।

### बजट को लेकर जताया खेद

महापौर ने पत्र के माध्यम से खेद व्यक्ति किया है कि बजट पेश करने का समय काफी नजदीक है, लेकिन अब तक आयुक्त के द्वारा बजट पुस्तिका महापौर परिषद के समक्ष नहीं रखी गई है, जबकि बजट को सामान्य सभा से पारित कराकर अंतिम स्वीकृति के लिए शासन को भेजना अंतिम और अनिवार्य प्रक्रिया है। यद बजट में देरी होती है तो यह प्रशासनिक दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इस बारे में जानकारी लेने के लिए जब आयुक्त राजीव पाण्डेय को फोन लगाया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# जिला पंचायत सदस्य के पति की दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

## ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग के दौरान गाली-गलौज, बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वाहन चेकिंग के दौरान जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा के पति विक्की मिश्रा ने जमकर हंगामा करने का मामला सामने आया है। स्वयं को जनप्रतिनिधि बताते हुए पुलिस कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज और एक आरक्षक को जान से मारने की धमकी तक डे डाला। जिला पंचायत सदस्य आशा मिश्रा भी मौके पर मौजूद थीं। घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नसे की हालत न्म एक युवक को ट्रैफिक पुलिस ने पकड़ा था। उसे छुड़ाने के लिए दोनों पहुंचे थे, हंगामे के बीच आरोपी युवक को भगा दिया गया। ट्रैफिक पुलिस ने इस कारण युवक के खिलाफ व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं कर पाई। ट्रैफिक प्रभारी की शिकायत पर पुलगांव पुलिस ने विक्की मिश्रा और पत्नी आशा आशा मिश्रा के खिलाफ की है। मिली जानकारी के मुताबि ट्रैफिक प्रभारी पी.डी. चंद्रा ने पुलगांव पुलिस थाने में शिकायत दी है। जिसमें 11 मार्च की रात पुलिस टीम शहर में वाहन चेकिंग पर निकली थी। टीम में आरक्षक भुमिन्द्र वर्मा, नीलकंठ यदु, विनीत तिवारी थे। पुलगांव चौक में रात लगभग 7 बजे से 10 बजे तक चेकिंग अभियान चल रहा था। तभी वेगनआर कार चालक तुलसीराम को रोका गया। जांच में चालक शराब के नशे में मिला। पुलिस टीम ने ब्रीथ एनालाइजर से जांच शुरू की, नियमानुसार कार्रवाई की तैयारी चल रही थी।

### पुलगांव पुलिस में लिखित शिकायत



### धक्का मुक्की मारपीट भी

करीब रात 9:15 बजे कोलिहापुरी निवासी ज्ञानेश्वर मिश्रा उर्फ विक्की अपनी पत्नी आशा मिश्रा के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कार्रवाई में दखल देना शुरू कर दिया। ट्रैफिक प्रभारी समेत पुलिस कर्मी के साथ विक्की बहस करना शुरू कर दिया। कुछ ही देर में मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों के मुताबिक विक्की मिश्रा ने ड्यूटी कर रहे आरक्षक विचारदास कुलदीप को गाली दी। जान से मारने की धमकी देकर धक्का-मुक्की भी हुई। हंगामे के दौरान आरोपी ने भीड़ में मौजूद एक व्यक्ति के साथ भी हाथ-मुक्के से मारपीट किया।

# सीआईएसएफ जवान ने रेलवे कर्मी का पकड़ा कॉलर, मचा हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ पुरैना गेट पर हुआ जमकर हंगामा

सीआईएसएफ जवान ने रलवे कर्मी का कालर पकड़ने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई तीन स्थित पुरैना का है। मिली जानकारी के मुताबिक बीएसपी सीआईएसएफ के जवान ने पीपी यार्ड से काम पर लौट रहे रेलवे कर्मी से आईडी दिखाने के नाम पर कथित तौर पर बदसलूकी किया। खबर लगने पर रेलवे कर्मचारियों ने पुरैना गेट पहुंचकर घेराव कर दिया।

उच्च अधिकारियों की समझाइश पर सीआईएसएफ जवान के माफी मांगने पर मामला शांत हो गया। घटनाक्रम में पीपी यार्ड के कर्मी तरुण के साथ सीआईएसएफ गेट पर कथित तौर पर अभद्र व्यवहार, मारपीट की कोशिश की गई। कर्मी के मुताबिक ड्यूटी के दौरान सीआईएसएफ के जवानों हवालदार जेएस तोमर ने तरुण के साथ न केवल बदतमीजी की, बल्कि सरेआम उसका कॉलर पकड़कर उसे घसीटते हुए सीआईएसएफ ऑफिस तक ले जाने का आरोप है। यार्ड के अन्य कर्मचारियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। सुरक्षा के नाम पर सीआईएसएफ जवानों द्वारा आए दिन कर्मचारियों को धमकाना और उनके साथ दुर्व्यवहार करना एक आम बात हो गई है। कर्मचारियों ने इसे सीधे तौर पर 'गुंडागर्दी' करार देते हुए कहा कि ऐसी हरकतों से मेहनतकश मजदूरों के मान-सम्मान को गहरी ठेस पहुंच रही है। यार्ड के समस्त कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। कर्मचारियों का कहना है कि अब समय आ गया है जब इस तानाशाही के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाई जाए। उन्होंने प्रबंधन से मांग की है कि दोषी सुरक्षाकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और कार्यस्थल पर कर्मचारियों के सम्मान की रक्षा सुनिश्चित की जाए। सीएसआईएफ के आला अधिकारियों के पहुंचने के बाद सीसीटीवी देखा गया। जवान द्वारा कर्मचारियों से माफी मांगी गई।

## अवैध स्क्रैप कारोबार के खिलाफ कार्रवाई

# सुपेला, जामुल, कुम्हारी में कबाड़ पर एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



लंबे समय से कबाड का कारोबार बेखौफ तरीके से चल रहा था। पुलिस ने दबिश देकर 60 टन का कबाड़ जब्त किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि थाना जामुल, कुम्हारी, सुपेला में कार्रवाई की गई है। सिर्फ जामुल में ही करीब 40 टन लोहे का स्क्रैप, तांबा, गैस कटर सेट कई वाहन जप्त किए गए है। जामुल में संचालित परिसर में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से लोहे के कबाड़ संग्रहण एवं कटिंग कर बेचने की सूचना मिली। पुलिस टीम दबिश देने पहुंची जहां से बड़ी मात्रा में लोहे का स्क्रैप, पाइप, चैनल, दरवाजे, रॉड, भारी लोहे के कल-पुर्जे और 200 किलो ग्राम तांबा, गैस कटर सेट,गैस सिलेंडर बरामद किया गया है। मौके पर से उक्त स्क्रैप को लेक वैद्य खरीद-फरोख्त के दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया। मगर वैद्य दस्तावेज पेश नहीं किया जा सका। इस दौरान पुलिस ने संपत्तियों को जब्त किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर संचालित कबाड़खानों में भी पुलिस टीम पहुंची थी। जहां से लोहे का स्क्रैप, पुराने दो पहिया वाहन, अन्य धातु सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आर्य नगर कोहका सुपेला निवासी हीरामन साहू, कोहका रोड सुपेला राकेश मिश्रा, कैलाश नगर कुम्हारी समरुद्दीन, दक्षिण गंगोत्री सुपेला श्रीमती राधिका साहू, सितारे उर्फ मोहम्मद इमरान, महात्मा गांधी नगर पावर हाउस रोड भिलाई मनोज उर्फ मन्नू गुप्ता, कृष्ण नगर सुपेला श्रवण कुमार देवांगन, सेक्टर गुरुद्वारा के पास सुपेलाअजमत हुसैन लोहार पारा धीरज चंद्राकर को गिरफ्तार किया है।



नौ आरोपी पुलिस गिरफ्त में आए

### पुलिस ने किया जब्त, जांच जारी

आरोपियों से लोहे का 60 टन लोहे का स्क्रैप, 200 किलोग्राम तांबा , ट्रक क्रमांक सीजी 04 एलएच 2242, ट्रक सीजी 04 जेबी 4393, ट्रक सीजी 04 जेडजी 5615, छोटा हाथी सीजी 07 सीयू 8086, छोटा हाथी सीजी 07 जीजे 9056, छोटा हाथी सीजी 07 बीजे 2613 वाहनों को जब्त किया गया है। लोहे का स्क्रैप की कीमत करीब 18 लाख रुपये, कई ट्रक, छोटा हाथी वाहन, पुराने दो पहिया वाहन,धातु कटिंग उपकरण जप्त किए गए है।

## ट्विनसिटी का पारा 39 डिग्री लेकिन सिस्टम बदलने से गिरेगा पारा

# बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी, धुंध और बदली के बने आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में गर्मी ने पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है। मार्च में ही पारा 39 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। शुक्रवार को भिलाई- दुर्ग का पारा 39.3 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। पिछले साल 31 मार्च को पारा 39 डिग्री सेल्सियस पर था। तीन दिन पहले यानी 10 मार्च को भी पारा करीब 39 डिग्री सेल्सियस था। इस तरह इस सीजन में दूसरी बार पारा यहां आ पहुंचा और पिछला रिकार्ड तोड़ दिया है। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है जिसकी वजह से सिस्टम में बड़ा बदलाव के संकेत हैं। जिससे तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। धुंध और बदली छाए होने के आसार हैं।



### पश्चिमी विक्षोभ का हो रहा असर

मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ, द्रोणिका के रूप में मध्य क्षोभमंडल में 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर 69 डिग्री पूर्व और 33 डिग्री उत्तर में स्थित है। 14 मार्च से प्रदेश के उत्तरी भाग में उत्तर से तथा दक्षिणी भाग में दक्षिण से (बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त हवाओं का ) आगमन वातावरण के निम्न स्तर पर होने की सम्भावना है । जिसके कारण मध्य छत्तीसगढ में एक वायु संमिलन क्षेत्र बनने की सम्भावना है । जिसके कारण 15-16 मार्च को मौसम की विषमता रहने की संभावना है ।

### बंगाल की खाड़ी में से आ रही है नमी

मौसम विभाग के मुताबिक ट्विनसिटी सहित प्रदेश में शुक्रवार से बंगाल की खाड़ी से नमी आने की संभावना है, जिसके कारण 13 मार्च से बस्तर संभाग के जिलों से वर्षा की गतिविधि प्रारंभ हो गई है। 14 मार्च को दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 15 और 16 मार्च को प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस अवधि में गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा की संभावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान में करीब चार डिग्री के आसपास गिरावट संभावित है।




झंडा फेरी में दिखी आस्था, जुटे लोग



लाइव इवेंट

## सीजी पीएससी अधीक्षक परीक्षा में नगपुरा के रोहित सहित तीन अभ्यर्थी चयनित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत अधीक्षक बाल देखरेख संस्था पद के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजी पीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा 2025 के 11 मार्च को घोषित चयन सूची में नगपुरा के रोहित कुमार देवांगन ने मेरिट में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। सीजी पीएससी द्वारा कुल 47 विज्ञापित पदों के लिए घोषित अंतिम चयन सूची में रोहित देवांगन के अलावा प्रवीण कुमार मेहर 34वें एवं आयुषी देवांगन 42वें रैंक पर चयनित हुए हैं। अनुपम देवांगन 66वें स्थान पर हैं लेकिन प्रतीक्षा सूची पर हैं। रोहित देवांगन, प्रवीण कुमार मेहर एवं आयुषी देवांगन की इस उपलब्धि पर देवांगन समाज के वरिष्ठ सलाहकार घनश्याम कुमार देवांगन ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इससे समग्र देवांगन समाज गौरवान्वित हुआ है। ये समाज के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। देवांगन समाज के इन तीनों विशिष्ट प्रतिभाओं को समाज के समारोह में सम्मानित किया जाएगा। मेरिट में पांचवें स्थान पर चयनित रोहित देवांगन ने बताया कि वर्ष 2025 की लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद साक्षात्कार में 138 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिसमें उन्हें मेरिट में पांचवां स्थान मिला। उन्होंने बताया कि विगत 10 वर्षों से विभिन्न पदों के लिए लगातार प्रयास करते रहे हैं, पर कुछ अंकों से पीछे रह जाते थे। पर हिम्मत न हारकर दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास के बलबूते अंततः सफलता मिली। उन्होंने बताया कि वे पांच बार मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण किए किंतु साक्षात्कार में फेल होते रहे। वे एक बार 2019 में कोचिंग किए थे, किंतु बाद में स्वतः की तैयारी एवं मेहनत से सफल हुए। वे नगपुरा निवासी कृषक भगवती देवांगन के छोटे सुपुत्र हैं। उनके पिता का गांव में ही किराना दुकान भी है। मां ढेलाबाई गृहिणी हैं।



■ नगपुरा के रोहित देवांगन मेरिट में पांचवें स्थान पर रहे

● झंडा फेरी ने किया नगर भ्रमण, जगह-जगह भव्य स्वागत, कल महायज्ञ के बाद रक्तदान शिविर

# जय बाबेरी के नारे से गूंजा शहर, झंडा फेरी में हुई फूलों की वर्षा आज होगा अभिषेक, बालकनाथ के भंडारे का भक्तों को दिया न्योता

**बालकनाथ के महायज्ञ व भंडारे का न्योता देने शुक्रवार को झंडा फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान जय बाबेरी के नारे से पूरा शहर गूंज उठा। खुर्सीपार की गलियों से लेकर हाइवे तक जय बाबेरी की गूंज सुनाई देती रही। बाबा बालकनाथ के ध्वजों को हाथ में थामे भक्त जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। वे बाबा बालकनाथ के 62वें महायज्ञ का न्योता देते हुए आगे बढ़ रहे थे। जगह-जगह भक्तों और रथ पर सवार भगतों के स्वागत में लोगों ने फूल बरसाए। शरबत, फल और प्रसाद बांटकर सेवा की। यह नजारा सिद्ध बाबा बालकनाथ की झंडा फेरी में देखने को मिला। खुर्सीपार सेक्टर-11 स्थित मंदिर से सुबह झंडा फेरी निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों व जीई रोड से होते हुए वापस मंदिर परिसर में समाप्त हुई।**

**भिलाई।** आयोजकों ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा बालकनाथ महायज्ञ और विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। 16 मार्च के पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। शनिवार को द्वितीय दिवस सुबह बाबाजी का अभिषेक किया जाएगा। रविवार को होने वाले मुख्य आयोजन में भंडारे के लिए सारे इंतजाम किए गए हैं। महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिय विशेष प्रबन्ध किए गए हैं। महासचिव कांतिलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बतीयी कि मंदिर कमेटी किसी भी श्रद्धालुओं को कोई तकलीफ न हो इसके लिए विशेष तैयारी की गई है। चार दिवसीय आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को झंडा फेरी में हर उम्र के लोग शामिल हुए। इनमें बच्चे, बूढ़े, जवान, महिलाएं सभी उत्साह से चल रहे थे। झंडाफेरी गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा में सबसे आगे बाबा बालकनाथजी की फूलों से सजी हुई झांकी थी जिसके बाद 9 मुख्य झंडे भगत सुच्चा सिंह, विपिन ओझा, अनिल अग्रवाल, पतराम अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल, परमिंदर सोढ़ी, श्याम बेहरा, आशीष जैन, भवानी शंकर ने अगुवाई की। पीछे सारी संगत हाथों में झंडे लेकर, बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। आयोजन में मुख्य रूप से त्रिलोक सिंह, आशीष भसीन, पवन जैन, सुबीर खंडेलवाल, सुनील अग्रवाल, परमजीत पम्मा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।





### विभिन्न मार्गों से निकली यात्रा

झंडाफेरी में शामिल होने भक्त सुबह 6 बजे से ही मंदिर पहुंचने लगे। निर्धारित समय सुबह 7 बजे झंडा फेरी निकली, जो प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। भक्तों के लिए प्रसाद, फल और शरबत की व्यवस्था की गई थी। रैली देखने पावर हाउस चौक के फ्लाईओवर में लोगों की भीड़ लगी रही। 9 प्रमुख सेवादारों की अगुवाई में मंदिर से निकलकर झंडाफेरी प्रमुख रूप से खुर्सीपार श्री राम चौक से जीई रोड, पावर हाउस चौक, विजय टॉकीज से लिंक रोड, शीतला मंदिर कॉम्प्लेक्स से नंदिनी रोड होते हुए केनाल रोड से शिवालय एनपीआर रोड से वापस मंदिर पहुंची, जहां रैली समाप्त हुई। पूरे रास्ते में लोगों को उत्साह देखने लायक था। बाबा के जयकारे लगाए जा रहे थे।सेवादारों के द्वारा जलपान की व्यस्था भी की गई थी। इस फेरी में सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी रही। वापस मंदिर आने के बाद भजन किया गया। फिर सभी के लिए स्वल्पाहार कराया गया। प्रसाद वितरण किया गया।

### बाबा बालकनाथ का 62वां महायज्ञ कल, आज विशेष पूजा

सेक्टर-11 खुर्सीपार स्थित बाबा बालकनाथ मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बालकनाथ का महायज्ञ 13 मार्च से शुरू हो गया है। आयोजन का यह 62वां वर्ष है। 14 मार्च को अन्य अनुष्ठान होंगे। इसमें प्रमुख रूप से बाबा का अभिषेक किया जाएगा। 15 मार्च रविवार को 62वां महायज्ञ शुरू होगा। इस दौरान महाभंडारा का भी आयोजन किया जाएगा।

### गूंजेगे भजन-कीर्तन

इस अवसर पर सुबह साढ़े 11 बजे से हिमाचल प्रदेश की वंदना धीमान का भजन शुरू होगा। 16 मार्च दोपहर 1 बजे पूर्णाहुति होगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, समाजसेवी इंद्रजीत सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। शिवाजी नगर जोन के अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, पार्षद पीयूष मिश्रा, डी सुजाता राव, विनोद सिंह आयोजन में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

### स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर कल

समिति के विपिन ओझा ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार को किया जाएगा। शिविर में कोई भी भक्त पहुंचकर रक्तदान कर सकता है। साथ हर साल होने वाले महाभंडारे और दर्शन के लिए सीनियर सिटीजन और महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

सिटी इवेंट

## मातृशक्तियों ने स्वयं के चिंतन, आंकलन, विश्लेषण और परिवर्तन की दी सीख



**भिलाई।** मातृशक्ति फाउंडेशन का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान उपस्थित सभी आयु वर्ग की महिलाओं ने बच्चियों, महिलाओं और सास-बहू के पारिवारिक रिश्तों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित सहायक निदेशक शिक्षा कल्पना स्वामी आयोजन ने कहा कि मातृशक्ति अपने नाम के अनुरूप ही बेटियों की बेहतर शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। यह कमजोर आय वर्ग की बेटियों की शिक्षा को सुचारू बनाने की दिशा में काम कर रही हैं। मातृशक्ति फाउण्डेशन के कार्यों से वे भली भांति परिचित और प्रभावित भी हैं। पुलिस काउंसलर और पूर्व प्राध्यापक डॉ अंजना श्रीवास्तव ने महिला के मां और सास रूपों की चर्चा करते हुए अपेक्षित बदलाव के सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि स्व चिंतन, स्व आंकलन, स्व विश्लेषण और स्व परिवर्तन से हम अपने रिश्तों को बेहतर संभाल सकते हैं। जयश्री प्रधान ने समाज सेवा में सिर्फ धन देना ही पर्याप्त नहीं होता बल्कि समय भी देना होता है। वहीं गीता श्रीवास्तव ने फाउन्डेशन की संस्थापक डॉ अलका दास के जीवन को परिवार के साथ समाज के लिए समर्पित बताया जो उन्हें अपनी मां स्व. शांतिदेवी अखौरी से मिला है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अंजली बग्गा ने डॉ अलका दास द्वारा देह दान की वसीयत किए जाने का जिक्र करते हुए कहा कि सब का भला सोंचने और करने की चाह उनके व्यक्तित्व को रेखांकित करती है। उनका जीवन दर्शन फाउंडेशन की सदस्याओं को प्रेरित करता है। इस अवसर पर अंजलि और पारूल ने अंग्रेजी के अल्पज्ञान पर एक प्रहसन प्रस्तुत किया। वहीं दीप्ति और कोमल ने पति पत्नी की नोंकझोंक को चुटीले अंदाज में प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। आरंभ में वार्षिक प्रतिवेदन वैशाली काले ने पढ़ा और धन्यवाद ज्ञापन अंजू चंदनिहा ने किया। इस दौरान गायिका रेणु शर्मा के होली गीत ने सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर मनोरमा पांडे, आरती शुक्ला, लता, रानी, गांधी की उपस्थिति रही।

■ फाउण्डेशन के कार्यों की शिक्षा निदेशक ने की सराहना

## गवलीपारा में निःशुल्क डाइबिटिज केयर कैम्प आज

**दुर्ग।** गवलीपारा स्थित सुगम शगुन द्वार के पास आज 14 मार्च को निःशुल्क डायबिटिज केयर कैंप का आयोजन किया गया है। शिविर में नागपुर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अरविंद खाण्डवे मरीजों की जांच करेंगे एवं उन्हें आवश्यक परामर्श देंगे। यह शिविर सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक चलेगा। डायबिटिज से पीड़ति मरीज शिविर में शामिल होकर शिविर की निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठा सकते है। शिविर के आयोजक अनिल मेडीको गवलीपारा के संचालक अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्तमान में लोग डायबिटिज के नियंत्रित नहीं होने से परेशान है। जिसके चलते वे अत्यधिक दवाईयों का सेवन करने मजबूर होते है, जो गलत है। डायबिटिज से मुक्ति के लिए डायबिटिज को समझना जरुरी है। यह क्यों होता है, उसे पूर्ण रूप से इसे कैसे नियंत्रित करें। इसकी संपूर्ण जानकारी निःशुल्क डायबिटिज केयर कैंप में जरुरतमंद मरीजों को दी जाएगी।

## यादवों के बुजुर्ग उस्तादों का सम्मान समारोह कल, दी जाएगी बांस गीत की शानदार प्रस्तुति

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ यादवों के विलुप्त होते यादवी संस्कृति के संरक्षण, संवर्द्धन के लिए यादव संघ मित्र कल्याण मंडल अनवरत राऊत नाच योद्धा-नर्तन का आयोजन पिछले 20 वर्षों से करते आ रहा है।

■ मंत्री गजेंद्र, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज सहित अन्य होंगे शामिल

इस बार 15 मार्च को दोपहर 12 बजे प्रधान कार्यालय गहिरा गुरुधाम यादव सांस्कृतिक भवन न्यू दीपक नगर में यादवों के उस्तादों और बुजुर्गों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गहिरा गुरु राजेश यादव ने बताया कि इस अवसर पर बांस गीत, अखाड़ा व राऊताईन हाथा चित्रकला को संरक्षित रखने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी। मातृ शक्ति व ऊर्जा वान यादवों का भी सम्मान किया जाएगा। प्रदेश स्तर के सभी राऊत नाच दल, बांस गीत, अखाड़ा के उस्तादों सहित दीपावली व गोवर्धन पूजा में दिवारों पर चित्रकला विभिन्न प्रकृति रंगों से उकेरने वाली यादव मातृ शक्ति का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सचिव व भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, युवा कांग्रेस नेता क्षितिज चंद्राकार, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, युवा भाजपा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जीत हेमचंद, पूर्व पार्षद नरेश तेजवानी, वर्तमान पार्षद डॉ. पायल पाटिल, समाजसेवी ललित कुमार अग्रवाल सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। यादव संघ मित्र कल्याण मंडल के अध्यक्ष कमलेश यादव, कोषाध्यक्ष हर्ष हिंद यादव, सचिव उमराव यादव, उपाध्यक्ष माथुर यादव सहित अन्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।



## समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश के प्रकाशन पर हुई चर्चा, नए सदस्यों को जोड़ने पर जोर



**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज भिलाई-दुर्ग की कार्यकारणी सदस्यों की बैठक समाज के भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभुनाथ मिश्रा ने किया।

इस दौरान रामलखन मिश्र महासचिव ने समाज की सदस्यता बढ़ाने पर जोर देते हुए संख्या बढ़ाने को कहा। साथ ही नए सदस्यों को जोड़ने और समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश के प्रकाशन पर चर्चा किया गया। इस दौरान ब्रह्म प्रकाश भवन में हो रहे संधारण पर भी चर्चा हुई। समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि हर साल की तरह इस वर्ष भी 15 मार्च को समाज के भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी सदस्यों को शामिल होने अनुरोध किया गया।

बैठक के अंत में समाज के सदस्य रामदत्त पांडे, त्रिभुवन तिवारी के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली अर्पित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से दिनेश मिश्र, चंद्रशेखर पांडे, कैलाश पाठक, अखिलेश त्रिपाठी, जे एन तिवारी, श्रीकांत द्विवेदी, सुभाष चंद्र तिवारी, एनपी मिश्रा, सुनील मिश्र, प्रदीपचंद्र पांडे, मनीष पांडे, नागेन्द्र पांडे, रामविलास मिश्रा, विष्णु पाठक, संजय मिश्रा उपस्थित थे।

रूंगटा आईएएस अकादमी का शुभारंभ, विक्रांत मैसी बोले-भिलाई बन सकता है अगला मुखर्जी नगर

कार्नर न्यूज

# अपनी भाषा, संस्कृति और वैल्यू सिस्टम को बनाए रखना ही असली ताकत, अपनी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी : विक्रांत मैसी

**भिलाई।** युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहना जरूरी है। छोटे शहरों से आने वाले कई छात्र बड़े शहरों में जाकर घबरा जाते हैं, लेकिन ऐसा करने की जरूरत नहीं है। चाहे कोई छत्तीसगढ़ से आए, अंग्रेजी जानता हो या नहीं, इससे फर्क नहीं पड़ता। अपनी भाषा, संस्कृति और वैल्यू सिस्टम को बनाए रखना ही असली ताकत है। यह बातें शुक्रवार को फिल्म 12वीं फेल फेम बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी ने युवाओं प्रोत्साहित करते हुए कही। रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को रूंगटा आईएएस अकादमी का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में फिल्म 12वीं फेल फेम बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य अतिथि और छत्तीसगढ़ के पूर्व डीजीपी आईपीएस आरके विज विशिष्ट अतिथि द्वारा अकादमी के लिए बनाए गए ऑडियो-विजुअल स्टूडियो का उद्घाटन किया। साथ ही यूनिवर्सिटी के फिल्म और मीडिया विभाग के नए फिल्म सेट का भी लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में विक्रांत मैसी ने फिल्म में सिविल सेवा की तैयारी से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगर छोटे शहरों में भी दिल्ली जैसा माहौल और अच्छी कोचिंग मिल जाए तो छात्रों को मुखर्जी नगर या ओल्ड राजेंद्र नगर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। दिल्ली अब दूर नहीं है। अगर ऐसा ही माहौल तैयार किया जाए तो भिलाई भी आईएएस की तैयारी के लिए मुखर्जी नगर बन सकता है।



### रोज अखबार पढ़ने की आदत डालें

आरके विज ने कहा कि उनके समय में यूपीएससी की परीक्षा अंग्रेजी माध्यम में ही देनी पड़ती थी और हिंदी माध्यम का विकल्प उपलब्ध नहीं था। हरियाणा से आने के कारण अंग्रेजी पर उनकी पकड़ कमजोर थी, लेकिन कॉलेज के दौरान उन्होंने इस पर मेहनत की। उन्होंने छात्रों से कहा कि आज भाषा कोई बाधा नहीं है, क्योंकि यूपीएससी में अभ्यर्थी अपनी सुविधा की भाषा में पढ़ और लिख सकते हैं। उन्होंने छात्रों को रोज अखबार पढ़ने की आदत डालने की सलाह दी। उनके अनुसार अखबार पढ़ने से इतिहास, अर्थशास्त्र, अंतरराष्ट्रीय राजनीति, खेल और सामान्य ज्ञान से जुड़ी जानकारी मिलती है, जो सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई के दौरान एक अच्छा स्टडी ग्रुप होना चाहिए, जहां छात्र आपस में चर्चा कर सकें और अपने विचार साझा कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि जीवन में थोड़ा अभाव भी जरूरी है, क्योंकि कठिन परिस्थितियां इंसान को मजबूत बनाती हैं।

### विक्रांत ने बताया क्या है असली ताकत

विक्रांत ने बताया कि फिल्म 12वीं फेल की तैयारी के दौरान उन्होंने दिल्ली के मुखर्जी नगर और ओल्ड राजेंद्र नगर में समय बिताया था। वहां सिविल सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं की जिंदगी को करीब से समझा। उन्होंने कहा कि कई बार वे सड़क किनारे खड़े होकर नाश्ता करते थे, ताकि उस माहौल को महसूस कर सकें और किरदार को बेहतर तरीके से जी सकें। इस दौरान उन्होंने युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़े रहने का संदेश भी दिया।

### डीजीपी को पड़ी थी पिता से डांट

कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी आईपीएस आरके विज ने कहा कि उन्होंने उस दौर में सिविल सेवा की तैयारी की थी, जब न कंप्यूटर थे और न मोबाइल फोन। पढ़ाई का मुख्य आधार केवल किताबें होती थीं और बंद कमरे में बैठकर लंबे समय तक अध्ययन करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि वे 1983 बैच के अधिकारी हैं और उस समय कोचिंग लेना अच्छा नहीं माना जाता था। जब उन्होंने अपने पिता से कोचिंग लेने की बात कही तो उन्हें डांट भी पड़ी थी। हालांकि आज समय बदल गया है और प्रतियोगी परीक्षाओं में कोचिंग छात्रों को शुरुआती आत्मविश्वास देने का महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है।

सिटी इवेंट

## दृष्टिबाधित योगेश ने मां से सुनकर दी परीक्षा, पीएससी में पाई सफलता





**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग और हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में पहली बार हिन्दी विषय के एक दृष्टिबाधित शोध छात्र का पीएचडी वायवा आज टैगोर हॉल में आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए कालेज के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय, राजिम के हिन्दी विभाग के दृष्टिबाधित सहायक प्राध्यापक योगेश कुमार तारक ने आज शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना के मार्गदर्शन में अपना शोध प्रबंधन पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया। इनका शोध विषय केदारनाथ शब्द मसीहा के साहित्य में सामाजिक यथार्थ एक विश्लेषण था।

- दुर्ग के दृष्टिबाधित शोधकर्ता छात्र ने छत्तीसगढ़ में पेश की मिसाल

पी.एच.डी वायवा में उपस्थित हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के कुलपति डॉ. संजय तिवारी और बाह्य परीक्षक निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष डॉ. खेमचंद डहारिया ने शोधार्थी योगेश कुमार तारक द्वारा किए गए शोध कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय है। योगेश ने 6 अध्यायों में अपने शोध कार्य को विभक्त करते हुए केदारनाथ शब्द मसीहा के साहित्य में सामाजिक यथार्थ खूबसूरती से प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने केदारनाथ के समाज की कुरीतियों के प्रति विरोध, सामाजिक समरसता तथा सांप्रदायिक सौहार्द्र की भावना का विभिन्न कविताओं एवं ग्रंथ के माध्यम से उल्लेख किया।शोधार्थी द्वारा दिए गए प्रस्तुतिकरण के दौरान विश्वविद्यालय की पी.एच.डी सेल प्रभारी डॉ. सुनीता मिश्रा, हेमचंद विश्वविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. जी.एस. ठाकुर, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. अम्बरीश त्रिपाठी सहित विश्वविद्यालय के अनेक शोधार्थी उपस्थित थे।

दृष्टिबाधित योगेश कुमार रजक, राजिम के समीप स्थित बासीन क्षेत्र के निवासी है। 4 भाईयों के परिवार में रजक के 3 भाई दृष्टिबाधित है। योगेश कुमार रजक ने 2022 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर द्वारा आयोजित महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा वर्तमान में वे शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय, राजिम नियमित सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है। योगेश ने बताया कि लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक परीक्षा की तैयारी के लिए उनकी माता पुस्तकों को उनको पढ़कर सुनाती थी, वे मां द्वारा सुनाये गये विषय-वस्तु को सुनकर याद कर लेते थे, और इस प्रकार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त की।

समाज लाइव

## महतारी वंदन की राशि से खरीदी सिलाई मशीन बनी बच्चों की पढ़ाई व घर खर्च का सहारा




**दुर्ग।** पाटन के ग्राम असोगा निवासी येश्वरी साहू का जीवन कभी कठिन संघर्षों से भरा हुआ था। उनके पति उमेश साहू के निधन के बाद अचानक पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई। दो छोटे बच्चों की परवरिश और घर की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करना उनके लिए बेहद मुश्किल हो गया था। इसी कठिन समय में महतारी वंदन योजना उनके जीवन में आशा की किरण बनकर आई। उन्होंने अपने गांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन किया। योजना के तहत उन्हें हर महीने 1000 रुपये की सहायता राशि मिलने लगी। यह छोटी सी आर्थिक मदद उनके लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुई। येश्वरी साहू ने इस राशि को केवल खर्च करने के बजाय समझदारी से उपयोग करने का निर्णय लिया। उन्होंने इस सहायता राशि से सिलाई मशीन खरीदी और अपने गांव में कपड़े सिलने का काम शुरू किया। धीरे-धीरे लोगों को उनके काम के बारे में पता चला और गांव के कई लोग उनके पास कपड़े सिलवाने आने लगे। सिलाई के काम से उनकी आमदनी बढ़ने लगी, जिससे अब वे अपने बच्चों की पढ़ाई और घर के खर्च को बेहतर तरीके से संभाल पा रही हैं। पहले जहां उन्हें भविष्य की चिंता सताती थी, वहीं अब वे आत्मविश्वास के साथ अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मेहनत कर रही हैं। उनका सपना है कि उनके बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करें और जीवन में सफल बनें। येश्वरी साहू कहती हैं कि सही समय पर मिली छोटी सी मदद भी किसी के जीवन को नई दिशा दे सकती है।

## युवाओं को जोड़ने जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन शुरू

**दुर्ग।** ग्रामीण विकास एवं आजीविका से युवाओं को जोड़ने के उद्देश्य से केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी विकसित भारत-जी राम जी यूथ डिजिटल कैंपेन की शुरुआत की है। यह अभियान माय भारत पोर्टल के सहयोग से संचालित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से देशभर के युवा वीडियो चैलेंज, क्विज तथा रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग लेकर इस डिजिटल जनआंदोलन से जुड़ सकते हैं। अभियान के अंतर्गत माय विलेज चौलेंज नाम से राष्ट्रीय स्तर पर शॉर्ट वीडियो, रील प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा किसी भी भारतीय भाषा में 30 से 60 सेकंड की अवधि का वीडियो तैयार कर माय भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। अपलोड किए जाने वाले वीडियो की अधिकतम साइज 25 एमबी निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी अपने गांव के विकास, रोजगार सृजन तथा आजीविका संवर्धन में अधिनियम की भूमिका को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत कर सकेंगे। चयनित प्रतिभागियों को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

भिलाई महिला समाज में अंतरराष्ट्रीय विश्व महिला दिवस

# दस्ताना, मसाला और पेट्रोल पंप की महिला कर्मियों ने नृत्य और गायन में दिखाई प्रतिभा, सेवानिवृत्ति पर आंखे हुई नम

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई का सबसे बड़ा महिलाओं का संगठन भिलाई महिला समाज के तत्वावधान में महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।इस दौरान महिला समाज की दस्ताना, मसाला और पेट्रोल पंप सहित सभी इकाईयों की महिला कर्मचारी द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक सोलो और ग्रुप डांस कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया गया, तो वहीं कुछ महिलाओं ने गीत गाकर सभी में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को पुरस्कृत और सेवानिवृत्त 2 महिलाओं को सम्मानित भी किया गया।









### विभिन्न गेम्स में बनी विजेता

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समाज की अध्यक्ष छवि निगम ने सभी इकाईयों की महिलाओं के कार्यों की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। विभिन्न गेम्स में कटिंग इकाई से प्रथम शबनम, द्वीतीय वी लक्ष्मी, तृतीय अस्मिता, स्टीचिंग इकाई से प्रथम हिना, द्वीतीय तरुण, तृतीय आसमा और फीनिशिंग इकाई से प्रथम जागेश्वरी साहू, द्वीतीय लीला साहू और तृतीय एम शोभा विजेता रहे। जिन्हें अतिथियों दवरा पुरस्कृत किया गया।



### कर्मचारियों ने दिखाई प्रतिभा

भिलाई महिला समाज दवरा आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न इकाइयों में कार्यरत महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें फैशन शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। जहां सभी इकाईयों की महिला कर्मचारियों ने सोलो और ग्रुप डांस कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया गया, तो वहीं कुछ महिलाओं ने गीत गाकर सभी में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी इकाइयों में खेलकूद में विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त ऊषा किरण और मोहिनी तारम प्रतीक चिन्ह और नगद राशि देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्ष छवि निगम, उपाध्यक्ष पूनम कुमार, उपाध्यक्ष स्मिता भास्कर, महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष रीता तिवारी, वर्किंग कमेटी की रुखसाना बेगम शेख, सपना सोनी, सुधा शर्मा, बबीता सिंह, सुषमा सलवटकर, नीलिमा साहू और लक्ष्मी पटेल उपस्थिति रहीं।

ऑनलाइन वेबीनार

## नवाचार, एआई और डिजिटलकरण से शिक्षा के स्तर को ऊंचाई पर ले जाने दिया जोर



**भिलाई।** घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में पोस्ट मैट्रिक बजट वेबीनार का ऑनलाइन आयोजन भारत सरकार के उच्च शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष दिग्विजय सिंह गुप्ता, विधिक सलाहकार डॉ. नागेंद्र शर्मा और सहसचिव मोतीलाल भंडारी उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास से ही हम सब विकसित भारत की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, आतिथ्य, और कल्चर जैसे महत्वपूर्ण आयामों पर चर्चा की और युवाओं के लिए नए रोजगार उत्पन्न करने, शिक्षा में नवाचार, एआई और डिजिटलकरण के माध्यम से देश में शिक्षा के स्तर को ऊंचाई पर ले जाने पर जोर दिया। आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की कल्पना को पूरा करने के लिए युवाओं को स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वास से भरा होने का महत्व बताया। वक्ताओं ने प्रत्येक शिक्षण संस्थान को अपने कैंपस में इंडसट्रियल उधमिता से संबंधित शिक्षा देने और महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की उपप्राचार्य चांदनी अग्रवाल, समस्त विभाग की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापिकाएं, कर्मचारी और समस्त संकाय की छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुईं।

शहादत की याद

## याद की गई मौला अली की शहादत इफ्तार के बाद मांगी गई दुआएं



**भिलाई।** मौला ऐ कायनात शेरे खुदा हजरत अली मुश्किल कुशा की शहादत की याद में 21 रमजान पर ख़ानकाह भोलाईया ग्राम बिरेभाठ नंदिनी भिलाई में रोजेदारों ने मिलजुल कर इफ्तार किया।

इसके बाद तमाम लोगो ने मुर्शिदे आज़म पढ़ा। शिजरा शरीफ़ हाजी एम एच सिद्दीकी ने पढ़ा। दुआएं खैर की गई और मौला ऐ मुश्किल कुशा की शहादत पर खिराजे अक़ीदत पेश की गई। इस मोके पर ख़ादिम हसन अंसारी ने नजर पेश की। जिसमें तमाम अक़ीदतमंद लोगों की मौजूदगी रही। इसी तरह शेरे खुदा मस्जिद हाऊसिंग बोर्ड कैलाश नगर में अली मौला की याद मनाई गई। हजरत अली मौला की शहादत पर मौलाना जलालुद्दीन मिस्बाही की तकरीर हुई। बाद नमाजे तरावीह, हजरत अली को दुनिया के तमाम वलियों का ईमाम बताया।

**रोजेदारों ने मिलजुलकर किया इफ्तार**

उन्होंने कहा कि आपके दर से ही विलायत बटती है। इस दौरान दुआएं खैर व नजर पेश किए गए। ईमाम व खतीब मौलाना हाफ़िज़ि ताजीम रज़ा भागलपुरी ने मौला ऐ मुश्किल कुशा शेरे ख़ुदा की शान में सलात व सलाम का नज़राना पेश किया। हाफ़िजि आसिफ रजा और तमाम नमाजियो ने भी खिराजे अक़ीदत पेश की। मस्जिद सदर हाजी ताहिर सिद्दीकी व तमाम कमेटी के हजरात की मौजूदगी मे तबर्रुक तकसीम किया गया।

महिला किसान थीम पर मोहलई में नाबार्ड के सहयोग से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

# समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने और सामाजिक परिवर्तन में महिलाओं की सक्रिय भूमिका जरूरी

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** मोहलई में महिला किसान थीम के साथ एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट द्वारा नाबार्ड के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसमें ग्राम मोहलई के सभी स्व-सहायता समूहों की महिलाओं तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर महिला किसानों और उद्यमियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की शुरुआत में सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट के सचिव एस. के. खरे ने सभी अतिथियों का पौधा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित दुर्ग जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुए उन्हें जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम ने महिलाओं से समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध आवाज उठाने तथा सामाजिक परिवर्तन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।





### महिला उद्यमियों का किया गया सम्मान

इस अवसर पर ग्राम मोहलई की सफल महिला किसानों और महिला उद्यमियों को प्रकीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही आमंत्रित अतिथियों को भी प्रतीक चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में सतेन्द्र सिन्हा और महिला समन्वयक इंदु साहू ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संयोजक गुड्डी यादव का विशेष योगदान रहा।

### महिलाओं के विकास के लिए दे रहे प्रशिक्षण

नाबार्ड दुर्ग की जिला विकास प्रबंधक अंशु गोयल ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने पर बल देते हुए कहा कि नाबार्ड महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में देना बैंक आरसेटी के राज्य निदेशक अशोक सिंह ने महिलाओं को तकनीकी एवं स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रूरल डेवलपमेंट के सचिव एस. के. खरे ने अपने संबोधन में महिलाओं से आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ-साथ परिवार को एक सूत्र में बांधे रखने का संदेश दिया। आयोजन के दौरान ग्रामीण महिलाओं और बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहे।

# पाठकों के विश्वास व भरोसे के साथ

# हरिभूमि

## फिर नंबर



## जन सरोकार, जनहित और जमीन से जुड़ी पत्रकारिता ने दिलाया पाठकों का भरोसा

छत्तीसगढ़ में जनसरोकार की

**पत्रकारिता का प्रतीक**

बन चुका **हरिभूमि** एक बार फिर पाठकों की पहली पसंद साबित हुआ है। **एसीबी ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन** की जुलाई-दिसंबर 2025 रिपोर्ट के अनुसार **हरिभूमि** ने प्रदेश में प्रसार के मामले में अपने प्रतिस्पर्धियों से स्पष्ट बढ़त बनाई है।

**कुल प्रसार संख्या 3,65,385 जो अन्य प्रमुख अखबारों से काफी अधिक**






















